राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांकः 05.10.2023

सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के अंतर्गत 4 या 4 से अधिक विषयों में ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन में दर्शित शैक्षणिक योग्यताओं के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को आयोग कार्यालय में दिनांक 23.09.2023 को प्रातः 9.30 बजे बुलाया गया था। इस बाबत् अभ्यर्थियों की सूची आयोग कार्यालय की वेबसाईट पर जारी करते हुए अभ्यर्थियों को जरिये ई–मेल, एस. एम.एस एवं स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित कर सूचित किया गया था परन्तु फिर भी निर्धारित दिनांक एवं समय पर 106 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे है।

इनमें से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित दस्तावेज दिनांक 23.09.2023 को अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यावेदन के माध्यम से शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विशेषकर स्नातकोत्तर उपाधि के दस्तावेज भेजे गए हैं तथापि अब भी 96 अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाईट पर अपलोड करते हुए पुनः सूचित किया जाता है कि सभी अभ्यर्थी आयोग कार्यालय में दिनांक 10.10.2023 को प्रातः 9.30 बजे अपना पहचान पत्र एवं ऑनलाईन भरे गए समस्त आवेदन पत्रो की प्रतिलिपियों एवं ऑनलाईन दर्शित शैक्षणिक योग्यताओं के दस्तावेज सत्यापन हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। इस बाबत् अभ्यर्थियों को जरिय ई–मेल, एसएमएस एवं उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर दूरभाष द्वारा अवगत करवाया जा चुका है।

समस्त 96 अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि आपके स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह माना जायेगा कि आपने षडयंत्र पूर्वक असत्य घोषणा कर यह आवेदन किये हैं। अतः निर्धारित दिनांक एवं समय पर दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें ताकि आपके आवेदन पत्र को स्वीकार करने के संबंध में समुचित निर्णय लिया जा सके।

(रामनिवास मेहता)
सचिव